शनिवार 26 अगस्त, 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



ओबीसी बहुजन समाज विरोधी है महागठबंधन सरकार: बसपा 2



## ग्रीस पहुंचे पीएम मोदी का भव्य स्वागत, ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर पुरस्कार से सम्मानित

# ऐलान... ग्रीस बना भारत का स्ट्रैटेजिक पार्टनर

- 40 वर्ष बाद फिर से नए मुकाम पर पहुंची भारत और ग्रीस की की दोस्ती
- डिफेंस और सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, शिक्षा, न्यू एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में मिलेगा सहयोग





**एजेंसी/नई दिल्ली**

ग्रीस पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ। आखिरकार 40 वर्ष बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री ग्रीस पहुंचा है। ग्रीस ने इसके लिए पीएम मोदी को ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर पुरस्कार देकर सम्मानति किया। ग्रीस की राष्ट्रपति कैटेरिना सकेलारोपोलू ने एथेंस में पीएम मोदी को यह सम्मान दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी भारत-ग्रीस के रिश्ते को नई ऊंचाई पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब दोनों देशों की दोस्ती 40 वर्ष बाद फिर से नए मुकाम पर पहुंच गई है। ग्रीस अब भारत का स्ट्रैटेजिक पार्टनर होने जा रहा है। पीएम मोदी ने स्वयं इसका ऐलान किया है।

पीएम ने कहा कि ग्रीस और भारत एक स्वाभाविक मिलन है। यह विश्व के दो पुरातन सभ्यताओं के बीच, विश्व के दो पुरातन लोकतांत्रित विचारधाराओं के बीच, विश्व के दो पुरातन सांस्कृतिक व्यापारिक संबंधों के बीच मिलन है। हमारे संबंधों की नींव जितनी प्राचीन है, उतनी ही मजबूत है। विज्ञान, संस्कृति और कला सभी विषयों में हमने एक दूसरे से सीखा है। आज हमारे बीच जियोपोलिटिकल, अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय विषयों पर बेहतरीन तालमेल है। चाहे वह इंडोपैसिफिक में क्षेत्र हो, मेडिट्रेनियन में या दूसरे क्षेत्रों में। दो पुराने मित्रों की तरह हम एक दूसरे की भावनाओं को समझते हैं और हम उनका आदर करते हैं। उन्होंने कहा कि 40 वर्षों बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री का यहां आना हुआ है, लेकिन हमारे संबंधों की न तो गहराई कम हुई न ही रिश्तों की गर्मजोशी में कमी आई।

### सैन्य के साथ रक्षा उद्योगों को भी बल देने पर सहमति

पीएम मोदी ने कहा कि हम दोनों देशों ने तय किया है कि डिफेंस और सिक्योरिटी, कृषि, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, न्यू एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपने सहयोग को बढ़ाकर स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को मजबूती देंगे। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में हमने सैन्य संबंधों के साथ ही साथ रक्षा उद्योगों को भी बल देने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है। हमने 2030 तक व्यापार को दूना करने का लक्ष्य लिया है। आज कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए ग्रीस के साथ नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसमें कृषि और बीज उत्पादन के साथ शोध, पशुपालन और पशुधन उत्पादन के क्षेत्र में भी सहयोग कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच स्किल्ड माइग्रेशन को सुगम बनाने के लिए हमने जल्द ही माइग्रेशन और मोबिलिटी पार्टनरशिप समझौता करने के निर्णय लिया।

# राहुल गांधी का दावा, 2024 में हम भाजपा को हरा देंगे



- चीन ने भारत की हजारों किमी जमीन छीनी है बोले- पीएम मोदी ने कहा है कि भारत की एक इंच जमीन किसी ने नहीं ली है

**एजेंसी/श्रीनगर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बड़ा दावा किया है। राहुल गांधी ने लद्दाख में कार्यकताओं से बाचतीत के दौरान कहा, आपको गारंटी दे रहा हूं कि 2024 में हम बीजेपी को हरा देंगे। उन्होंने ये भी कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के चुनाव कांग्रेस पार्टी जीतने वाली है। राहुल गांधी लद्दाख के दौरे पर हैं। इस दौरान एक युवा ने उनसे सवाल पूछा कि बीजेपी को कैसे हराएंगे? इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मैं आपको गारंटी देकर कह रहा हूं कि 2024 में हम बीजेपी को हरा देंगे।

कारगिल पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि एक बात साफ है कि चीन ने हिंदुस्तान की हजारों किमी जमीन छीनी है। दुख की बात है कि भारत के प्रधानमंत्री ने विपक्ष की बैठक में कहा कि हिंदुस्तान का एक इंच किसी ने नहीं लिया है। ये सरासर झूठ है। लद्दाख का हर व्यक्ति ये बात जानता है कि लद्दाख की जमीन चीन ने ली है और प्रधानमंत्री जी सच नहीं बोल रहे हैं।

### बीजेपी ने संस्थानों पर कर लिया है कब्जा

राहुल गांधी ने बीजेपी के ऊपर संस्थानों को कब्जाने का आरोप लगाया और कहा, एक बात समझनी होगी। लोकतंत्र में एक पार्टी दूसरी पार्टी से लड़ती है। आज हिंदुस्तान में ये नहीं हो रहा है। आज बीजेपी ने हिंदुस्तान के सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने आगे कहा, क्या आपको लगता है कि फ्री और फेयर मीडिया है? आपको क्या लगता है मीडिया हिंदुस्तान में निष्पक्ष है? बीजेपी ने हिंदुस्तान के सभी संस्थानों पर आक्रमण कर रखा है। चाहे मीडिया हो, ब्यूरोक्रेसी हो, चुनाव आयोग हो या न्यायपालिका हो, बीजेपी सब पर आक्रमण कर रही है।

### तो बीजेपी नहीं जीतती पिछला चुनाव

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अगर बराबर मौके मिलते , मीडिया फेयर होता, अगर बीजेपी संस्थानों पर कब्जा नहीं करती तो बीजेपी पिछला चुनाव भी नहीं जीतती. बीजेपी ने पूरे सिस्टम को कब्जा कर रखा है। लोगों को डरा रखा है। इंस्टीट्यूशंस को दबा रखा है। इसीलिए मैं कह रहा हूं कि 2024 में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बीजेपी को हरा देगा।

# केरल के वायनाड में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

**एजेंसी/वायनाड**

केरल के वायनाड जिले में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में 9 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। जानकारी के अनुसार एक जीप अनियंत्रित होकर 25 मीटर गहरी खाई में गिर गई। घटना मननथावडी के थाविनहाल ग्राम पंचायत के पास हुई। हादसे में घायल हुए 2 लोगों को मनंथावाडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जीप चालक सहित तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। यह दुर्घटना तब हुई जब एक जीप एक बागान से श्रमिकों को लेकर जा रही थी। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि दुर्घटना में मारे गए सभी लोग वायनाड जिले के रहने वाले थे। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त जीप में ड्राइवर समेत कुल 14 लोग सवार थे।

**राहुल गांधी ने व्यक्त की संवेदनाएं:** घटना के बाद वायनाड के सांसद राहुल गांधी ने ट्वीटर पर लिखा कि, वायनाड के मननथावाडी में कई चाय बागान श्रमिकों की जीप दुर्घटना में जान चली गई, इस खबर से मैं बेहद दुखी हूं। जिला अधिकारियों से बात की है और त्वरित प्रतिक्रिया का आग्रह किया है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### 69 लाख के सोने के बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा के दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत सीमा चौकी बैजनाथपुर 86वीं वाहिनी के जवानों ने 10 सोने के बिस्कुटों की तस्करी करते एक तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा। जब्त सोने के बिस्कुटों का वजन 11644.75 ग्राम है। इसकी अनुमानित कीमत 69,06,967 रुपए है। तस्कर सोने के बिस्कुटों को बांग्लादेश से भारतीय सीमा में पार करने की फिराक में थे। पकड़े गए तस्कर की पहचान रायेल मंडल गांव बैजनाथपुर, थाना मरुतिया, जिला नदिया के रूप में हुई। पकड़े गए तस्कर ने बताया कि ये सोने के बिस्कुट उसने बांग्लादेश के रहनेवाले एयरूल शेख से प्राप्त किए थे।

# आदेश पर रोक... जेनरिक के साथ ब्रांडेड कंपनियों की भी दवाएं लिख सकेंगे डॉक्टर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने डॉक्टर्स के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने के अपने निर्देश को फिलहाल टाल दिया है। अब डॉक्टर जेनेरिक दवाइयों के अलावा दूसरी दवाएं भी प्रिस्क्राइब कर सकेंगे। दरअसल एनएमसी ने नए नियम जारी किए थे, जिनमें सभी डॉक्टरों को जेनेरिक दवाइयां लिखना अनिवार्य कर दिया था। ऐसा नहीं करने पर लाइसेंस रद्द करने की बात कही गई थी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस ने एनएमसी के इस निर्देश पर चिंता जताई थी। संगठनों का कहना था कि



जेनेरिक दवाइयों की क्वालिटी को लेकर अनिश्चित्ता है, ऐसे में ये निर्देश ठीक नहीं है। इस संबंध में आईएमए और आईएफए के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से भी मुलाकात की थी। आईएमए ने उन नियमों पर भी चिंता व्यक्त की जो डॉक्टरों को फार्मा कंपनियों के प्रायोजित सम्मेलनों में भाग लेने से रोकते हैं। उसने मांग की कि संघों और संगठनों को एनएमसी नियमों के दायरे से छूट दी जानी चाहिए।

एनएमसी ने रजिस्टर्ड डॉक्टरों के व्यावसायिक आचरण संबंधित विनियमों में कहा था कि सभी डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखनी होंगी। ऐसा न करने पर उन्हें दंडित किया जाएगा और उनका लाइसेंस निलंबित हो सकता है। नियमों में यह भी कहा गया था, पंजीकृत डॉक्टरों और उनके परिवारों को कोई उपहार, यात्रा सुविधाएं, नकदी या आर्थिक सहायता नहीं मिलनी चाहिए। किसी भी बहाने से उनकी पहुंच फार्मास्युटिकल कंपनियों या उनके प्रतिनिधियों की ओर से प्रदान किये जाने वाले मनोरंजन तक नहीं होनी चाहिए।



विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



' मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

### सीएम नीतीश कुमार ने पूर्व सीएम बीपी मंडल को अर्पित की श्रद्धांजलि, बोले...

# जाति सर्वे का काम पूरा, हैसियत के अनुसार सरकार करेगी सहयोग

- बोले सीएम... किसी भी जाति धर्म के लोगों की आर्थिक स्थिति को जानना जरूरी
- सर्वे के आंकड़ा को जल्द किया जाएगा जारी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने जातीय गणना को लेकर शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जातीय गणना का काम पूरा हो चुका है। जातीय गणना के बाद राज्य सरकार हैसियत के अनुसार सहयोग भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये निजी कार्यक्रम नहीं था, सभी पार्टियों की बैठक में तय हुआ था। सभी दल इसके सपोर्ट में हैं। कहा कि किसी भी जाति-धर्म के लोगों की आर्थिक स्थिति को जानना जरूरी है। सर्वे का काम पूरा हो चुका है। सर्वे का आंकड़ा तैयार किया जा रहा है। इसे जल्द जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी रोका नहीं है। सिर्फ संख्या की घोषणा नहीं होगी। इसके अलावा सारी जानकारी होगी। सॉलिसिटर जनरल की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखे जाने का कोई मतलब नहीं है। वहीं महागठबंधन में कई राज्यों को मिलाकर संयोजक बनाए जाने के लालू के बयान पर कहा कि अगली बैठक 1 सितंबर को होगी जहां हमलोग मिल बैठकर सब तय कर लेंगे। सीएम-डिप्टी सीएम पूर्व सीएम बीपी मंडल की जंयती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। जहां मीडिया से बात करते हुए ये बातें कही।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक बहाली को लेकर कहा है कि शिक्षक बहाली बहुत अच्छे से हो रही है। सभी के हित में काम हो रहा है। वहीं कुलपति की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल से टकराव पर उन्होंने कहा कि राज्यपाल से भी हमारी बात हुई है। कहीं कोई विवाद नहीं है। विश्वविद्यालय में जो भी सीट खाली हुई है। उस पर बहाली होगी।

### फूंक-फूंक कर चल रहा महागठबंधन

विपक्षी एकता का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि महागठबंधन फूंक-फूंक कर चल रहा है। कोई भी जानकारी मीडिया में साझा करना नहीं चाहती। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि मुंबई की बैठक में हम लोग 31 तारीख को जाएंगे। एक सितम्बर को बैठक होगी। उन्होंने बैठक की बात बाहर कुछ कहने से इनकार किया। सीएम नीतीश ने कहा कि यह ठीक नहीं हैं। उन्होंने बताया कि पटना में भी बैठक हुई। हम चाहते हैं कि सब एकजुट हों। आगे भी इस काम को तेजी से करने के लिए हम सभी पार्टियों को कहेंगे। सबलोगों की जो राय होगी उसी पर काम किया जाएगा दूसरी बैठक बेंगलुरु में हुई। अब तीसरी की बारी है।

### जानबूझकर लालू को तंय किया जा रहा

पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद की जमानत रद करने को लेकर सीबीआई द्वारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको जानबूझकर तंग किया जा रहा है। सीबीआई किसी को नहीं छोड़ रही है, सबको तंग किया जा रहा है।

## ओबीसी-बहुजन समाज विरोधी है महागठबंधन सरकार: बसपा

**केटी न्यूज/पटना**

बसपा के मुख्य केंद्रीय प्रभारी आकाश आनंद ने शुक्रवार को पटना के बापू सभागार में जेडीयू-आरजेडी वाली सरकार पर हमला बोला। पिछड़ा-अति पिछड़ा अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि बिहार में पिछड़ा-अति पिछड़ा समाज 33 साल पहले की तरह हाशिए पर है जबकि 33 सालों से यहां शासन की कमान पिछड़ों के हाथ में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। आकाश आनंद ने कहा कि प्रदेश की जेडीयू-आरजेडी वाली महागठबंधन की सरकार ओबीसी-बहुजन समेत सर्व समाज विरोधी है, लेकिन हमें इसे बदलना होगा। आज के दिन मैं बहन मायावती के संदेश को लेकर बिहार की पावन भूमि पर आया हूं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि आज मुझे मंडल मसीहा सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की धरती पर संवाद का अवसर मिला है।



**मायावती के विजन को अपनाना होगा:** बिहार की समस्याओं पर चोट करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि प्रदेश में ओबीसी, पिछड़ा-अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज आज भी अच्छी शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार को लेकर बुरी स्थिति में है, जबकि सरकार पिछड़ों की है। यहां से पलायन जारी है। छात्र-नौजवान दूसरे प्रदेशों में शिक्षा ग्रहण कर आजीविका चला रहे हैं। 17 % दलित और 36 % अतिपिछड़े लोग बिहार में रहते हैं. बिहार आज गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बहुजन समाज पर अत्याचार आदि के मामले में आगे है, लेकिन अब नहीं। अब इस हालत को बदलना है। इसके लिए बाबा साहेब के संविधान और बहन मायावती के विजन को अपनाना होगा जो उन्होंने उत्तर प्रदेश में किया जिससे बहुजन समाज की स्थिति में बदलाव आया।

इस सम्मेलन को बिहार प्रभारी अनिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में बहन मायावती को मजबूत करने के लिए बिहार से अधिक से अधिक सीट जीतने के लिए पार्टी के नेता और कार्यकर्ता संकल्पित हैं।

### छपरा में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**छपरा।** बिहार के छपरा में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। घटना मशरक थाना क्षेत्र की है। कर्ण कुदरिया स्थित नहर में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर जा गिरी। उसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मशरक थाने की पुलिस पहुंची। सभी शवों को गाड़ी से निकाला गया। ये सभी बसंतपुर के बगही से गुरुवार की रात श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान दिनेश सिंह, लालबाबू साह, सुधीर, सूरज के रूप में की गई है। ये सभी गोपालगंज के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

## महाबोधि मंदिर परिसर में गोली चलने से सुरक्षा में तैनात एक जवान की मौत, मची अफरा तफरी

**केटी न्यूज/गया**

महाबोधि मंदिर परिसर में गोली चलने से सुरक्षा में तैनात एक जवान की मौत हो गई। गोलियों की आवाज सुनते ही मंदिर परिसर में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई। मंदिर परिसर में लगातार चार गोलियों की आवाज आई जिसके बाद मंदिर की सुरक्षा में लगे बाकी जवान दौड़ पड़े। मौके पर पहुंचते ही देखा कि जवान को गोली लगी है वह गिरा पड़ा है। मृतक जवान का नाम अमरजीत कुमार यादव है। घटना की जानकारी मिलते ही बोधगया थाना पुलिस, गया सिटी एसपी हिमांशु और बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर में मुचलिंद सरोवर के पास जवान की सुरक्षा के लिए ड्यूटी लगाई गई थी। उसके खुद के एसएलआर से चार गोली चली। कहा जा रहा है कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस ने इस बात से इनकार किया है।

डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि बीएसएपी के कमांडेंट से इस संबंध में बात हुई है, प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि पुलिस जवान के गिरने से कारबाईन से गोली चली और लग गई। इस घटना के बाद मौके पर एफएसएल की टीम और एसएसपी आशीष भारती के साथ सदर एसडीओ राजेश कुमार भी पहुंचे। जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि चार गोली चली है जिसमें से तीन गोली जवान के सीने में लगी है। इससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद थोड़ी देर के लिए महाबोधि मंदिर में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services

A Revolutionary Initiative
Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Moments and Accolades



Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

# वहां चांद पर पहुंचा भारत और यहां महिला से हुई 1.5 लाख के गहनों की ठगी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- अंधविश्वास से नहीं छूटा रहा पीछा, झांसे में फंस रहे हैं लोग
- अंधविश्वास व विश्वासघात की घटनाओं के उद्भेदन में विफल रही अनुमंडल पुलिस

जिस समय चांद के साउथ चाइना पोल पर चंद्रयान -3 उतर रहा था और दुनिया भारत के वैज्ञानिकों का लोहा मान रही थी। भारत के वैज्ञानिक दुनिया के सामने भारत का सीना गर्व से उंचा कर चांद पर तिरंगा लहरा रहे थे। ठीक दरमियान अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही गांव के पिंटू यादव की पत्नी रीतू देवी अपने बीमार बेटे को पूजा पाठ से ठीक कराने के अंधविश्वास में पड़ एक बहरूपिए के हाथों करीब 1.5 लाख के गहने से हाथ धो बैठी। उसे शायद वैज्ञानिकों के चमत्कार और मेडिकल साइंस की तरक्की पर विश्वास नहीं था। तभी तो एक अनजान बहरूपिए के झांसे में आ गई। यह इकलौता मामला नहीं है जब अंधविश्वास के चक्कर में पड़ परिवार के लाखों के आभूषण गवाएं है। बल्कि ऐसे दर्जनों मामले है जिसमें अंधविश्वास के कारण लोगों की जान तक चली गई है।

बुधवार की शाम कोन्ही की रीतू देवी के साथ हुई घटना के बाद यह सवाल उठने लगे है कि आखिर लोग कबतक अंधविश्वास के जाल में फंसते रहेंगे। वहीं अधिकांश मामलों में पुलिस के हाथ अबतक खाली ही है। जिससे ऐसा करने वालों को उनकी करतूतों का सजा भी नहीं मिल पाता है। जानकारों की मानें तो बहरूपियों के जाल में फंसने वाले अधिकांश भोले भाले तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोग होते है जो रातोरात चमत्कार के लालच में अपना धन और धर्म गंवाते है।




### केस स्टडी 1

कोरानसराय थाना क्षेत्र के चुआड़ गांव के सुरेन्द्र पांडेय के घर पिछले एक साल एक अजनबी आता था। वह एक यात्रा के दौरान बक्सर रेलवे स्टेशन पर उनके संपर्क में आया था। चूकी सुरेन्द्र पांडेय दिव्यांग है जिसका फायदा उठा वह उनके घरेलु व खेती कार्यों में भी मदद कर विश्वास जमा लिया था। 12 मई को वह समोसा, जलेबी व कोल्ड्र ड्रिंक्स लेकर आया था। सभी में नशीला पदार्थ मिला था। खाते ही पूरा परिवार बेहोश हो गया। इसके बाद वह आराम से घर में रखे नगदी व गहनों को लेकर चंपत हो गया। हालांकि पुलिस का दावा है कि उसकी पहचान हो गई है, उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### केस स्टडी 2

29 जुलाई की रात नावानगर थाना क्षेत्र के अतिमी गांव के बधार में खेत की सिंचाई के दौरान 60 वर्षीय काशी सिंह को विषैले सर्प ने डंस लिया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल के बदले झांड़-फूंक कराने कजियां धाम चले गए। जहां उनकी मौत हो गई। यदि समय से उन्हें अस्पताल ले जाया गया होता तो शायद जान बच सकती थी।

### केस स्टडी 2

23 अगस्त की शाम मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही गांव के पिंटू यादव की पत्नी रीतू देवी को झांसे में ले एक बहरूपिए ने बीमार बेटे को तंत्र मंत्र से ठीक करने का झांसा दे उनके घर से 1.5 लाख रूपए मूल्य के गहने पर हाथ साफ कर लिया।

## डुमरांव स्टेशन के रेलवे क्रॉसिंग पर परीक्षार्थियों की खूब हुई फजीहत

# जाम से जूझते रहे परीक्षार्थी व उनके अभिभावक, ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर व डुमरांव जैसे छोटे शहरों में इतने बड़े स्तर पर परीक्षा के आयोजन से परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों को खूब फजीहत झेलनी पड़ी। सबसे अधिक परेशानी जाम को लेकर हुई। बता दें कि परीक्षा के दौरान बक्सर तथा डुमरांव की टैजफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। दोनों जगहों पर पहली व दूसरी पाली के परीक्षा शुरू होने तथा छूटने के दौरान भीषण जाम लग गया था। डुमरांव के रेलवे क्रासिंग के पास तो जाम के चलते गुरुवार को आधा दर्जन परीक्षार्थियों की परीक्षा भी छूट गई थी। कुछ ऐसी ही स्थिति बक्सर की भी थी। बक्सर के मेन रोड, बाइपास रोड, पीपी रोड सहित सभी सड़के जाम से कराह रही थी। गलियों में भी भयंकर जाम लगा था। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई थी।

वहीं डुमरांव के सभी परीक्षा केन्द्रों के बाहर, स्टेशन रोड, गोला रोड के साथ ही पूर्वी व पश्चिमी रेलवे क्रासिंगों पर जाम से परीक्षार्थियों को खासे परेशान होना पड़ा। परीक्षा के कठिन सवालों के साथ ही परीक्षार्थियों को जाम से जूझते हुए परीक्षा दे अपने घर जाना पड़ा। बता दें कि इस परीक्षा में शामिल होने के लिए 11 हजार से अधिक अभ्यर्थी तथा उनके साथ हजारों अभिभावक आए थे। वहीं, बक्सर व डुमरांव में पहले से ही जाम की समस्या नासूर है। ऐसे में 20 हजार से अधिक बाहरी लोगों के आने से ट्रैफिक व्यवस्था का चौपट होना भी लाजिमी थी। प्रशासन द्वारा परीक्षा संचालन की तैयारी तो पुख्ता की गई थी। लेकिन जाम से निपटने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नजर नहीं आ रहा था। परीक्षार्थी यहां के ट्रैफिक व्यवस्था को कोसते नजर आ रहे थे।

**कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न होने की जिला प्रशासन ने दी जानकारी** : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आहूत बीपीएससी अध्यापक परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हो गई। गुरूवार से ही यह परीक्षा शुरू हुई थी। इस परीक्षा के आयोजन के लिए बक्सर में 12 तथा डुमरांव में 5 सहित जिले में कुल 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। दोनों दिन डीएम अंशुल अग्रवाल सहित जिला व अनुमंडल स्तरीय सभी पदाधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा केन्द्राधीक्षकों को आयोग के निर्देशों का पालन कराने को कहा। मिली जानकारी के अनुसार डीएम ने शुक्रवार को बक्सर के सरस्वती शिशु मंदिर व डुमरांव के राज प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार पहली पाली में कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर 7110 परीक्षार्थियों के मुकाबले 6326 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 784 अनुपस्थित रहे। वही दूसरी पाली में कुल 17 परीक्षा केन्द्रों पर 8920 परीक्षार्थियों में 5539 परीक्षा में उपस्थित हुए जबकि 3381 विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे। दोनों दिन दोनों पालियों को मिला चार हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा को छोड़ दिया है। हालांकि किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल की जानकारी नहीं मिली है। परीक्षा नियंत्रण कक्ष से जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न होने की जानकारी दी गई है।

# षड्यंत्र के तहत सरकारी विद्यालयों को बर्बाद किया जा रहा : विधायक

**केटी न्यूज/केसठ**




डुमरांव विधायक अजित कुमार सिंह ने शुक्रवार को नावानगर प्रखण्ड के प्लस टू उच्च विद्यालय, सोनवर्षा एवं केसठ प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, रघुनाथपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों से विद्यालय के संचालन, विकास एवं अन्य समस्या सम्बन्धी विषयों को गंभीरता पूर्वक सुना व समाधान के आश्वासन दिए। इस दौरान विधायक ने कहा कि दुःखद है कि सोनवर्षा उच्च विद्यालय में नामांकित साढ़े छः सौ विद्यार्थियों में से आधे से भी कम उपस्थित थे। लेकिन जो छात्र उपस्थित थे उनके बैठने के लिए विद्यालय में बेंच-डेस्क नहीं है और विद्यार्थी दरी या बोरा बिछा कर पढ़ने को मजबूर हैं।

विधायक ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोगों के बच्चें पढ़तें हैं। एक षड्यंत्र के तहत सरकारी विद्यालयों को बर्बाद किया जा रहा है, ताकि प्राइवेट स्कूलों को लाभ मिले। स्कूल में स्वीकृत पद के अनुसार शिक्षक पदास्थापित नहीं हैं। विद्यालय के कई भवन के कमरे क्षतिग्रस्त हैं। साफ-सफाई का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा गया है। वही उच्च विद्यालय रघुनाथपुर के शिक्षकों एवं छात्राओं ने विधायक से विद्यालय की चहारदीवारी नहीं होने की शिकायत की और बताया कि चाहरदीवारी के अभाव में असामाजिक तत्व विद्यालय के संचालन में बाधा उत्पन्न करतें हैं। विद्यालय के आने-जाने एवं मध्याह्न के समय शिक्षकों एवं छात्राओं को परेशान करतें हैं। इनके अभिभावकों से बार-बार शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। विधायक ने ऐसे तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया। वही उन्होंने छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए जल्द ही शिक्षक अभिभावक मीटिंग आयोजित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ-साथ भाकपा माले के केसठ प्रखण्ड प्रभारी ललन प्रसाद, मंगल महेश, सुरेश सिंह, रवि शंकर, राजू, दीप नारायण दुबे, भूलन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### अब कॉलेजों में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य

**बक्सर।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत व निजी कॉलेजों, बीएड कॉलेजों तथा तकनीकी संस्थानों के छात्र-छात्राओं के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। राज्यपाल के प्रधान सचिव रार्बट एल चोंग्थू के निर्देश के बाद वीर कुंवर सिंह विश्व विद्यालय आरा के छात्र कल्याण के अध्यक्ष रणविजय कुमार ने इस आशय का पत्र सभी कॉलेजों के प्राचार्यो को जारी किया है। जारी पत्र में बताया गया है कि अब ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने के समय प्राचार्य द्वारा छात्रों को 75 प्रतिशत उपस्थिति का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस प्रमाण पत्र के बिना परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते है।

### जमीन विवाद में युवक की पिटाई, सात पर केस

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में जमीन विवाद को लेकर एक युवक की पिटाई कर दी गई है। पीड़ित ओमप्रकाश जायसवाल ने सात लोगों के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं अपने जमीन की मापी कराकर घेराबंदी कराने के लिए अपने दोस्तों के साथ राय-मशविरा कर रहा था। इसी दौरान नावाडेरा गांव के रहने वाले छोटक यादव, विजय यादव, विकास यादव सहित सात-आठ की संख्या में लोग आ धमके और लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। आरोपी मेरे जमीन पर मंदिर बनवाने की बात कर रहे थे। पिटाई के दौरान मैं जख्मी हो गया और मेरा इलाज अस्पताल में कराया गया। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख बने डॉ. देव करण

**बक्सर।** जिला कृषि विज्ञान केंद्र के फाउंडर मृदा विशेषज्ञ डॉ. देव करण को भारत सरकार के कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की सिफारिश के उपरांत बक्सरे केविके का प्रमुख बनाया गयो है। चयन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने वरीय कृषि वैज्ञानिक को प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र बक्सर के पद पर नियुक्त कियो है। जिसके बाद डॉ देवकरण ने केविके बक्सर का प्रमुख के पद पर शुक्रवार को योगदान कर कार्यभार शुरू कर दिऐ हैं। डॉ देवकरण कृषि विज्ञान केंद्र में लगभग 15 वर्षों से जिले के किसानों को प्रशिक्षण, अनुकरणीय परीक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में मुख्यतः पोषक तत्व प्रबंधन, सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक एवं वोराने प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर फसलों पर उर्वरक व खाद को लेकर प्रशिक्षित कर चुके हैं। उन्होंने किसानों को उर्वरक का प्रयोग की तकनीकी ज्ञान बेहतर ढंग से दिऐ हैं।

### बढ़ी चिंता... गंगा के जलस्तर में वृद्धि जारी

**बक्सर।** गंगा के जलस्तर में एक बार फिर वृद्धि जारी हो गया। गंगा का जलस्तर शुक्रवार को 55.690 मीटर पहुंच गयो है। फिलहाल गंगा के जल स्तर से किसी प्रकार का खतरा नहीं है। केंद्रीय जल आयोग के कनीय अभियंता प्रशांत चौरसिया के ने बताया कि शुक्रवार को गंगा का जलस्तर सुबह 8 बजे 55.690 मीटर दर्ज कियो गयो. वहीं गुरुवार को जारी अपडेट के अनसारे दो बजे 55.390 मीटर गंगा का जलस्तर दर्ज किया गयो थो। बुधवार से काफी धीमी गति से गंगा के जलस्तर में वृद्धि कायम हुओ हैं. गुरुवार से जलस्तर में वृद्धि का रफ्तार एक सेंटीमीटर प्रति घंटा हो गयो है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार 9 अगस्त को गंगा का जलस्तर अधिकतम 58.740 मीटर पर पहुंच गयो थो। यह जलस्तर चेतावनी बिंदु सं 0.58 मीटर दूरे थो। जिसके बाद गंगा के जलस्तर में गिरावट शुरू हो गयो थो। जो 22 अगस्त को 55.220 मीटर पर पहुंच गयो थो। जिसके बाद फिर से लगातार गंगा के जलस्तर में वृद्ध शुरू हो गयो है। इस बीच शुक्रवार को सुबह 8 बजे गंगा का जलस्तर 55.690 मीटर पर पहुंच गयो है। 23 अगस्त को 55.240 मीटर एवं 24 अगस्त को बढ़कर 55.390 मीटर दर्ज कियो गयो। गुरुवार दोपहर से 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गंगा के जलस्तर में वृद्धि शुरू हो गई है।



## चोरी की घटनाएं, तीन माह में दर्जनों बाइक पर चोरों ने किया हाथ साफ

# सावधान... डुमरांव में वाहन चोर सक्रिय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के कई इलाकों में बाइक चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ गयी है। इन दिनों डुमरांव के पॉश इलाका रेलवे स्टेशन, टेक्सटाइल कॉलोनी, जंगलीनाथ महादेव मंदिर, मुख्य बाजार सहित कई जगह बाइक चोर गिरोहों का टारगेट बना है। उचक्कों का गिरोह भीड़-भाड़ वाले जगहों में भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है। लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं से लोग परेशान है।

पिछले तीन माह में सबसे अधिक बाइक चोरी की घटनाएं इन पॉश इलाकों से हुई है। यह इलाका बाइक चोरों के लिए सेफ जोन बन गया है। यहां पर दूर-दराज से लोग अपने काम के सिलसिले में आते है और अपनी बाइक को खड़ा कर चले जाते है। इसी दरम्यान सक्रिय रहने वाले उचक्के बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे देते है। जांच-पड़ताल के बाद पुलिस के सामने यह बात आयी कि अधिकतर बाइक चोरी की घटनाओं में नये उम्र के अपराधी सक्रिय है, जिनका पहले से कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा। ऐसे में इनकी पहचान करना पुलिस के लिए चुनौती बन गयी है। कई जगहों पर गिरोह के सदस्य दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे है। चंद मिनटों में बाइक की चोरी करने में इन गिरोह के सदस्यों को महारत हासिल है। इनके बढ़ते मनोबल से लोगों के बीच भय बन गया है। पिछले दिनों पुलिस के गिरफ्त में आये बाइक चोर के सदस्यों ने अपने दिये गये बयान में पुलिस को बताया था कि अंतरजिला के साथ अंतरराज्यीय गिरोह से भी सांट-गांठ बनी रहती है। बाइक चोरी होने के बाद गिरोह के सदस्य तत्काल नंबर प्लेट बदलकर दूसरे जिले के गिरोह के हाथों सौंप देते है और दूसरे राज्यों से चोरी किये गये बाइक को इस इलाके में खपाया जाता है ताकि इसकी भनक पुलिस को नही लगे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस के होश उड़ गये। पुलिस ने जब इस मामले की तहकीकात की तो सच्चाई सामने आयी। बाइक चोर इतने शातिर है कि चंद मिनटों में ही बाइक को उड़ा लेते है, जिसकी भनक बाइक चालक को भी नही मिलती।




### केस स्टडी 01

रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी एक स्प्लेंडर बाइक उच्चके ले उड़े। बाइक शहर के उत्कर्ष भगत की बतायी जाती है, जो रेलवे स्टेशन के बाहर अपनी बाइक को खड़ा कर किसी दोस्त को ट्रेन में छोड़ने चला गया। उधर से लौटने के दौरान बाइक नदारद थी। मामले में पीड़ित ने प्राथमिकी भी दर्ज कराई।

### केस स्टडी 02

टेक्सटाइल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के समीप सड़क किनारे खड़ी बाइक केसठ के बिजली जेई संदीप कुमार शुक्ल की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बीते दिनों वाहन चेकिंग अभियान चला रही नया भोजपुर ओपी पुलिस ने बाइक के साथ दो चोरों को पकड़ने में सफलता पायी थी।

### केस स्टडी 03

पुराना थाना रोड स्थित एक मस्जिद के बाहर खड़ी एक पैसन प्रो बाइक को चोरों ने उड़ा लिया। बाइक अशरफ जमाल की बतायी जाती है, जो बाइक द्वारा नमाज पढ़ने मस्जिद में आया था। पीड़ित ने थक-हारकर पीड़ित ने इस मामले में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

### केस स्टडी 04

रेलवे स्टेशन स्थित टिकट काउंटर के समीप खड़ी एक स्प्लेंडर प्लस बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित फिरोज अंसारी ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अज्ञात पर के दर्ज कराया। पीड़ित अपने रिश्तेदार को ट्रेन में छोड़ने बाइक से गया था। वापस आया तो बाइक गायब थी।

“ मुख्य सड़कों के अलावे कॉलोनियों, रेलवे स्टेशन व अन्य इलाको में पुलिस की गश्ती बनी रहती है। बाइक चोरी मामले में पुलिस की टीम ने कई बार चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर नकेल कसा है। बाइक चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस संदिग्धों पर कड़ी नजर रखती है। *– बिंदेश्वर राम, थानाध्यक्ष डुमरांव*




## मां काली का वार्षिक पूजनोत्सव संपन्न दौड़ प्रतियोगिता आयोजित, लगा मेला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुक्रवार को पुराना भोजपुर में मां काली का वार्षिक पूजन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। परंपरागत तरीके से हुई इस पूजा में गांव के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाई। इसके बाद श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ मां काली की पूजा को परंपरागत ढंग से संपन्न कराया गया।

मौके पर मां काली का विशेष पूजन तथा हवन किया गया। सुबह होते ही महिलाएं एवं पुरुष श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया था। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष सावन माह को पुराना भोजपुर स्थित मां काली की वार्षिक पूजा होती है। इस दौरान मेले के आयोजन के साथ ही दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी दौड़ प्रतियोगिता में शिरकत करने के लिए गाजीपुर, सासाराम, आरा सहित अन्य कई जिलों के धावक पहुंचे थे, जिन्हे जीत के बाद इनाम भी दिया गया। इस दौरान रात तक लगा मेला आकर्षण का केंद्र बना रहा।

वहीं, नया भोजपुर स्थित मां काली मंदिर का वार्षिक पूजनोत्सव भी बड़े धूम धाम से संपन्न हुआ। पूजा को संपन्न कराने में गांव के सामाजिक कार्यकर्ता शंकर कुमार गुप्ता, टीनू सिंहानिया, शंभा सिंह, शत्रुघ्न कुमार, अभिषेक कुमार, राजकुमार आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई।



## नहाने के क्रम में गंगा नदी में डूबा बीपीएससी का परीक्षार्थी, लोगों ने बचाया

◆ घटना के दौरान खड़े रहें घाट पर मौजूद नाविक, लोगों ने फटकारा

**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार की सुबह करीब सवा आठ बजे बक्सर के रामरेखा घाट पर यूपी के प्रयागराज से बीपीएससी की परीक्षा देने आया एक युवक डूबते डूबते बचा। इस दौरान जहां जौनपुर से आए दूसरे परीक्षार्थी ने उसकी मदद की तो वही स्थानीय नाविक मुकदर्शक बने रहे। उसकी जान नाव से लटकी रस्सी को पकड़ने से बची। मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज का आलोक यादव बक्सर में बीपीएससी की परीक्षा देने आया था।

शुक्रवार की सुबह परीक्षा से पहले वह गंगा स्नान करने रामरेखा घाट पर गया था। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाकर डूबने लगा। इस दौरान वह मदद की गुहार भी लगाते रहा। लेकिन घाट पर मौजूद नाविक उसे बचाने का प्रयास तक नहीं किए। संयोग से उसके हाथ एक नाव से लटकी रस्सी लग गई। रस्सी को पकड़ वह बचाओ बचाओ चिल्लाने लगा। इसके बाद भी नाविकों की मानवता नहीं जगी। लेकिन वहां मौजूद जौनपुर के एक दूसरे परीक्षार्थी ने अपनी जान की परवाह किए बिना रस्सी के सहारे उसे पानी से बाहर निकाल जान बचा ली। इस घटना के बाद आस पास में मौजूद लोगों ने नाविकों को फटकार भी लगाई।






## बड़ा हादसा : भोजपुर के बिहटा से आजमगढ़ लौटने के दौरान हुआ हादसा

# दो ट्रकों की टक्कर में यूपी के चालक की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवा गांव के समीप आरा-बक्सर फोरलेन पर गुरुवार की देररात दो ट्रकों की टक्कर में यूपी के 48 वर्षीय एक चालक की मौत हो गयी। हादसा बुधवार की रात हुआ था। इलाज के लिए वाराणसी ले जाने के दौरान उसने गुरुवार की रात दम तोड दिया। हादसे में उसी ट्रक पर सवार एक अन्य चालक भी जख्मी हो गया है। उसका इलाज आरा में कराया गया। मृत चालक यूपी के आजमगढ़ जिले के निजामाबाद थाना क्षेत्र के वजीरमलपुर गांव निवासी दिलराम यादव का बेटा रामविलास यादव था। जख्मी चालक भी उसी जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के भटनी गांव निवासी रामायण यादव का पुत्र नंद लाल यादव हैं।

मृतक के भतीजे चंद्रशेखर यादव ने बताया कि उनके चाचा बुधवार को अपने साथी चालक नंद लाल यादव के साथ आजमगढ़ से ट्रक लेकर बालू लोड करने भोजपुर के इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव से बालू घाट आए थे। लेकिन बालू लोड नहीं हो पाया। उसके बाद बुधवार की देर खाली ट्रक लेकर दोनों वापस आजमगढ़ लौट रहे थे। उसी दौरान इटवा गांव के समीप आगे जा रहे बारह एक चक्का ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा। जिससे उनका ट्रक उससे टकरा गया, जिसमें दोनों चालक जख्मी हो गए। उसके बाद पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उनके चाचा रामविलास यादव की हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया। उसके चाचा का इलाज आरा शहर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल उनका इलाज कराया जा रहा था। उनकी तबियत काफी बिगड़



पर उन्हें रेफर कर दिया गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए वाराणसी ले जाया जा रहा था। तभी मोहनियां के समीप उनकी मौत हो गयी। तब उनके शव को वापस शाहपुर थाना ले जाया गया और पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।

## दो कंटेनर की भिड़ंत में खलासी की मौत

आरा। जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव मोड़ के समीप आरा-बक्सर हाईवे पर शुक्रवार की अहले सुबह दो कंटेनर की जोरदार भिड़ंत गई। इसमें एक कंटेनर के 28 वर्षीय खलासी की मौत हो गई, जबकि चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। जख्मी चालक उसी गांव के निवासी शमीम अनवर का 39 वर्षीय पुत्र मो. रजा है। मो.रजा ने बताया कि वह कानपुर स्थित फैक्ट्री से सामान लोड कर पटना जा रहा था। बक्सर के समीप वह कंटेनर में ही सो गया और उसका बेटा तौहीद चलाने लगा। उस समय तेज बारिश हो रही थी। तेतरिया मोड़ के समीप एक कंटेनर एल आकार में खड़ा था। बारिश के कारण उसके बेटे को लागा कि कंटेनर टर्न ले रहा है। उस कारण वह उसी साइड में चला गया। नजदीक पहुंचने पर पता चला कि वह कंटेनर खड़ा है। लेकिन, असंतुलित होकर कंटेनर से टकरा गई। जिसमें वह और पंकज जख्मी हो गये। उनका बेटा मो.तौहीद नीचे फेंका गया। जिसके बाद से वह गायब है।

## बिहार गौरव सम्मान से नवाजे जाएंगे अमित

**जहानाबाद।** बिहार में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या आयोजित होने वाले 23वें बिहार सम्मान समारोह में अमित कुमार राजन होंगे बिहार गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित। बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन, स्पेशल ओलंपिक्स भारत-बिहार, बिहार डिसेबल्ड स्पोर्ट्स एकेडमी, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ सेरेब्रल पाल्सी, बिहार एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी, एक्शन फॉर ऑल और चाइल्ड कंसर्न संयुक्त रूप से उन लोगों के लिए बिहार पुरस्कार समारोह 2023 का आयोजन कर रहा है। जिन्होंने खेल, साहित्य और अन्य



सामाजिक कार्यों द्वारा देश-राज्य का मान बढ़ाने उन्हें सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, सामाजिक व साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके बिहार का नाम रौशन करने वालों को उनकी प्रतिभा और उपलब्धि के अनुसार सम्मान दिया जाएगा।

बताते चलें कि अमित राजन जहानाबाद के निवासी हैं, जो कटिहार मंडल अंतर्गत न्यू जलपाईगुडी स्टेशन पर लोको पायलट के रूप में कार्यरत हैं। रेलकर्मी के साथ साथ वे अच्छे साहित्यकार भी हैं, जिन्होंने अपनी लेखनी से हमेशा समाज को जागरूक करने का प्रयास किया है। 23वें बिहार सम्मान समारोह में अमित राजन को आमंत्रित किया गया है। इन्होंने साहित्यकार के रूप में 2016 में रेलवे बोर्ड भारत सरकार द्वारा मैथिली शरण गुप्त, अंतर्राष्ट्रीय श्रीराम सम्मान, कबीर पुरस्कार, कबीर कोहिनूर सम्मान आदि सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं।

## अभाविप ने छात्रों को दिलाई शपथ

**जहानाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हुलासगंज के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय विभिन्न कोचिंग संस्थानों में सदस्यता अभियान चलाया गया। हुलासगंज सदस्यता प्रभारी बिट्टू कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। सदस्यता अभियान में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक विद्यार्थी परिषद की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मौजूद रुद्र कुमार एवं ऋषभ कुमार ने कहा की स्थापना कल से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्र हित और राष्ट्रीय हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाया है और देशव्यापी आंदोलन का नेतृत्व किया। वहीं मौजूद अमन कुमार, सुधांशु कुमार एवं नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से सदस्यता दिलाते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है, जो जिले एवं प्रदेश के विभिन्न कॉलेज परिसरों में शैक्षिक समस्याओं को उठाकर उसे समाधान तक ले जाने का काम करता है। मौके पर मौजूद नगर मंत्री बिट्टू कुमार, नगर सह मंत्री ऋषभ कुमार, खेलकूद प्रमुख रुद्र कुमार व अन्य उपस्थित रहें।













# अंतिम सोमवारी पर मां काली की निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

**केटी न्यूज/बलिया**



सावन माह के अंतिम सोमवारी को महावीर घाट स्थित काली मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनरू अपने-अपने नियत स्थान पर पहुंची। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ ही विभिन्न प्रकार की झांकियां निकाली गई। सुरक्षा के मद्देनजर जुलूस के साथ-साथ स्थानीय पुलिस फोर्स चल रही थी। इस दौरान मां काली के जयकारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में मां काली स्थान पर पाड़ा का कान काटकर छोड़ दिया गया। नव युवक संघ व मां काली पूजन समारोह के तत्वावधान में सोमवार को महावीर घाट से मां काली की शोभा यात्रा वैदिक मंत्रोच्चार के बाद निकाली गई।

शोभा यात्रा महावीर घाट से निकल कर चमन सिंह बागरोड चौराहा होते हुए पशु चिकित्सालय रोड, कासिम बाजार चौराहा होते हुए टाउन हाल रोड, स्टेशन रोड, मालगोदाम रोड, एलआईसी रोड, हनुमानगढ़ी, गुलाब देवी रोड होते हुए पुनः अपने नियत स्थान पर पहुंचा। इस दौरान गांजे-बाजे के साथ ही विभिन्न प्रकार की मां काली समेत अन्य देवी-देवताओं की निकाली गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान मां काली के भक्त रास्ता साफ कर रहे थे और पानी से सड़क की सफाई कर रहे थे। तत्पश्चात भक्त फूलों की पंखुड़ियां रास्ते पर फेंक रहे थे जिस पर से मां काली का रथ होकर गुजर रहा था। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण मां के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुरक्षा के मद्देनजर भारी मात्रा में फोर्स जुलूस के साथ चल रही थी।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, दर्ज हुई प्राथमिकी

**केटी न्यूज/बलिया**

चितबड़ागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की पीड़ित मां ने शुक्रवार की दोपहर एक बजे चितबड़ागांव थाने में तहरीर देकर अपनी ही नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म होने का आरोप लगाया है।

बताया जाता कि उसकी 12 वर्षीय लड़की गुरुवार की रात लगभग आठ बजे दवा लाने जा रही थी, तभी गांव के ही दो युवक उसका मुंह दबाकर एक कमरे में लेकर चले गए और बारी-बारी से उसके साथ रेप किया। घटना के बाद किसी तरह मेरी बेटी घर आई और गुमशुम हो गई। शुक्रवार की सुबह भी जब मेरी बेटी गुमशुम थी तो मैंने उसे पूछा कि क्यों इतनी उदास हो, तब जाकर मेरी बेटी ने मुझे पूरी आपबीती बताई। पुलिस ने नाबालिग लड़की का मेडिकल मुआयना के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है। मुकदमा लिखने की प्रक्रिया चल रही है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है। एहतियात के तौर गांव में चार कांस्टेबलों की तैनाती की गई है।

# आज तक जो कोई कर नहीं पाया, उसे हमारे वैज्ञानिकों ने कर दिखायाः शमीम



**केटी न्यूज/बलिया**

♦ रोवर की सफलता के लिए एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने मांगी दुआ

बलिया। बहेरी स्थित एआईएमआईएम के पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार की दोपहर 2 बजे चंद्रयान 3 की सॉफ्ट लैंडिंग के बाद रोवर की सफलता के लिए दुआ मांगी गई। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि आज तक जो कोई कर नहीं पाया है, उसे कर दिखाया है हमारे वैज्ञानिकों ने। हमार नेता मरहूम सलाहुद्दीन ओवैसी साहब ने कहा था कि एक दिन भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करेगा, उनकी वह बातें आज सही साबित हो रही है। कहा कि जिस तरह हम चांद तक पहुंचे है, उसी तरह अब रोवर चांद में खनिज और रसायन की खोज करेगा और एक बार फिर भारत नई इबारत लिखने का काम करेगा। आज दुनिया के जितने भी विकसित देश है, वहां की तकनीक का संचालन हमारे भारत के वैज्ञानिक ही कर रहे है। इस अवसर पर पूर्वांचल के महासचिव कालिका प्रसाद जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता,जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम,जिला संगठन मंत्री मुदस्सिर अंसारी,जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, धनंजय मिश्रा, सुमित सिंह, रामकुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## ट्रक-डीसीएम की भिड़ंत एक की हालत गंभीर

**फेफना (बलिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के माल्देपुर मोड़ पर शुक्रवार की सुबह ट्रक व डीसीएम की भिड़ंत हो गई। इसमें दोनो वाहनों के परखच्चे उड़ गए। इस दौरान एक वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सड़क के दोनो तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग गई, जिससे फेफना-बलिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन में फंसे चालक को ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर सड़क से हटाया। इसके बाद आवागमन शुरू हो पाया। फेफना -बलिया पर माल्देपुर मोड़ पर शुक्रवार की सुबह फेफना की तरफ से जा रही डीसीएम को विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे डीसीएम बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह ने डीसीएम में फंसे हुए वाहन चालक को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अथक प्रयास के बावजूद दो घंटे के बाद आवागमन शुरू हो पाया। वहीं, घटना के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया है।

## सादगीपूर्वक मनाई गई चरौवां बलिदान दिवस, बोलें रामविचार पाण्डेय...

# अपने प्राणों की आहुति देकर बलिया का नाम स्वर्णिम अक्षरों में किया था अंकित

**केटी न्यूज/बिल्थरारोड**



चरौवां बलिदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के एक मात्र जीवित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी रामविचार पाण्डेय ने चरौवां शहीद स्थल पर पहुंचकर शहीदों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। उनके आने पर कोई प्रशासनिक अमला नहीं पहुंचा था। उस पर उन्होंने ने नाराजगी व्यक्त किया। कुछ देर उपजिलाधिकारी बेल्थरारोड एआर फारूकी शहीद स्थल पर पहुँचे। चरौवा ग्राम प्रधान देवेन्द्र यादव ने सेनानी रामविचार पाण्डेय को अंगवस्त्र देंकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद सभी लोगो ने शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद कर नमन किया।

इस मौके पर शहीद स्थल सेवा समिति के अध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, पूर्व विधायक धनन्जय कनौजिया, वर्तमान विधायक हंसू राम के प्रतिनिधि के रूप में राजबहादुर यादव, जिलापंचायत सदस्य हरेराम यादव, संजय यादव, उमेश अम्बेडकर आदि मौजूद रहे। ज्ञात हो कि अंग्रेजो से देश को आजाद कराने के लिए 1942 के भारत स्वाधीनता संग्राम के जंगे अजादी की क्रान्ति के दौरान बलिया के क्रान्तिकारी वीरो मे देश के प्रति तरुणाई जाग उठी।

इस जंग मे सीयर ब्लाक के चरौंवां गॉव के अमर शहीदों एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों ने जंगे आजादी में 25 अगस्त को अपने प्राणो की आहुति देकर बलिया का नाम स्वर्णिम अक्षरो मे अंकित कर दिया। बलिया वासियो के उग्र तेवर को देख अंग्रेज हुकमरान दंग रह गये। और उनकी शूरवीरता व अदम्य साहस से गोरो के खेमे मे खलबली मच गयी। जिससे अंग्रेज हुकमरानो ने विषेशाधिकार युक्त सर्वोच प्रशासक नेदर सोल व मार्क स्मिथ के नेतृत्व मे जल मार्ग से अंग्रेजी फौज की टुकड़ी बलिया भेजी। इस फौज का एक दास्ता कैप्टन मूर की देखरेख में ग्राम चरौंवां पहुँचा। गोरो कों खुफिया रिर्पोट से पता चला कि चरौंवा गॉव क्रान्तिकारियो की गुप्त गतिविधियो का केन्द्र है। अंग्रेजो ने 25 अगस्त सन् 1942 को पूरे गॉव को घेर लिया और गांव के मुखिया रामलखन सिंह के यहां चौकीदार भेजकर संदेश दिया कि पूरे गांव को तबाही से बचाना चाहते हो तो क्रान्तिकारियो को हमें सौंप दो। चौकीदार की बात सूनते ही मुखिया रामलखन सिह आग बबूला हो गये और चौकीदार के कान पर ऐसा थप्पड़ मारा की कान से खून टपक पड़ा। इसके बाद अंग्रेजो ने दमन चक्र के तहत चरौंवां गॉव मे गोलिया बरसानी शुरू कर दी। तब क्रान्तिकारियो ने ग्रामीणो को ललकारा कि गोरो के हाथ मे बन्दूके हैं तो हमारे हाथ मे लाठी। जोष से भरे ग्रामीणो ने लाठी लेकर अंग्रजो पर टूट पड़े जिससे अंग्रेजो मे भगदड़ मच गयी। अंग्रेजो की गोली से खर बियार शहीद हो गया। यह देख मकतुलिया मालिन ने कैप्टन मूर के सिर पर हाड़ी चलाकर मार दी जिससे कैप्टन मूर तमतमा उठा और मकतुलिया मालिन को गोली मार दी । अंग्रेजो ने मृत मकतुलिया मालिन को उठवाकर घाघरा नदी मे फेकवा दिया। इस दौरान बृजबिहारी सिंह, राधाकृश्ण सिंह, कन्हैया सिंह, कपिलदेव सिंह , श्रीराम तिवारी, दशरथ सिंह, हरिप्रसाद स्वर्णकार, आदि ने अंग्रजों के दॉत खट्टे कर दिये। गोरों के इस ताण्डव की प्रतिक्रिया पूरे देष मे हुई। इसे गम्भीरता से लेते हुए कांग्रेस कमेटी ने फिरोज गॉधी को वस्तुतः स्थिति का जायजा लेने के लिए भेजा।

## बरौली मार्ग पर चोरों ने पुलिस पर की फायरिंग

बलिया। भीमपुरा पुलिस ने एसओजी टीम के साथ शुक्रवार ढाई बजे को बरौली से चिऊटापुर जाने वाले नहर पुलिया पर घेराबंदी कर चार वाहन चोरों को दबोच लिया। इस दौरान शातिर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग भी झोंक दिया। जिसमें पुलिस बाल बाल बच गई। पुलिस ने चोरों के पास से दो अवैध तमंचा, 315 और 12 बोर का दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया गया। साथ ही उनके निशानदेही पर क्षेत्र में करीब 14 दिन पूर्व चोरी हुए एक ट्रक को बरामद किया गया।









## खबरें फटाफट

### पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को पकड़ा

**पीडीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार की रात नौ बजे चंदासी से बाइक चोरी के आरोपी को धर दबोचा। इसके बाद पुलिस उसे कोतवाली ले आई। आरोपी की पहचान जयप्रकाश गौड़ निवासी ग्राम नींबूपुर थाना अलीनगर के रूप में हुई। मुगलसराय कोतवाली प्रभारी दीनदयाल पांडेय ने बताया कि 22 अगस्त को नैथरा पेट्रोल पम्प डांडी के पास एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। बताया कि छानबीन के दौरान पुलिस के हाथ सीसी फुटेज लगी जिसमें आरोपी बाइक चोरी कर ले जाता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस आरोपी तलाश में जुट लग गई थी। बताया कि आरोपी ने चोरी की बाइक को दस हजार रुपये में बेच दिया था। आरोपी के पास से दो हजार रुपये बरामद हुए जो कि बाइक बेचकर मिली राशि में से बचे थे। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### रजवाहा में मिला अधेड़ का शव

चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन के पास नारायनपुर पंप कैनाल से निकली रजवाहा में शुक्रवार को 45 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का उतराया हुआ मिला। शव देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुटी है। अलीनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन नईबस्ती के पास नारायनपुर पंप कैनाल से निकली रजवाहा में 45 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव शुक्रवार को उतराया हुआ था।यह देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करने का प्रयास किया ।

### मेरी माटी-मेरा देश अभियान के अंतर्गत चित्र प्रदर्शनी कार्यक्रम का समापन

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान एवं त्याग से मिली हमें आजादी : मनोज

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गाजीपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद के कासिमाबाद में स्थित गोपीनाथ पीजी महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय समेकित जनसंपर्क कार्यक्रम के दूसरे और अंतिम दिन के मुख्य अतिथि कासिमाबाद ब्लॉक प्रमुख मनोज गुप्ता ने कहा कि देश को आजादी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और त्याग से मिली है। बहुत से गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी हमारे देश के हैं, मेरी माटी मेरा देश अभियान ने उन गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को वंदन करने का अवसर प्रदान किया है।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कासिमाबाद के शाखा प्रबंधक संजय कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी मातृभूमि पर सभी को गर्व होता है। जिस भूमि पर स्वतंत्रता सेनानियों ने जन्म लिया, उस भूमि को सदैव नमन किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में पधारे ग्राम देवली के ग्राम प्रधान हीरामणि चौहान ने कहा कि देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में लाखों वीर- वीरांगनों ने अपने प्राणों की बलि दी है अब यह हमारा कर्त्तव्य बनता है कि हम उन्हें उनके बलिदान के लिए स्मरण करें। कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुधा त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में ध्वजारोहण, वृक्षारोपण, पंच प्रण प्रतिज्ञा और वीरों को नमन करने का एक गौरवशाली अवसर मिला। साथ ही विविध प्रतियोगिता से छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि हुई। जन जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आप भविष्य की परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। कार्यक्रम के दौरान तारिक अजीज क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ने कार्यक्रम आयोजन करने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय सेना के भूतपूर्व सूबेदार कमल सिंह यादव एवं भूतपूर्व सूबेदार रामजन्म सिंह यादव और अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों आराध्या राय, खुशबू मौर्य, शिल्पी प्रजापति और शुभम पांडे द्वारा देश भक्ति गीत गाये। प्रश्नोंत्तरी प्रतियोगिता में विजयी 20 विजेताओं को विभाग की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समन्वित बाल विकास सेवा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और स्वास्थ्य विभाग, गाजीपुर द्वारा स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक शिवम त्रिपाठी, क्षेत्र पंचायत सदस्य अवनीश शुक्ला, जितेंद्र पांडेय, क्षेत्रीय प्रचार सहायक रामखेलावन, डॉ अंजना तिवारी, जय प्रकाश, सईदुज्जफर, डॉ ऋषिकेश तिवारी, डॉ चंद्रमणि पांडेय, डॉ गिरीश चंद, विजयलक्ष्मी त्रिपाठी, प्रतिमा पांडेय, डॉ उमेश मिश्रा, मुनव्वर अली, सौरभ राजभर, अनिल राव, चन्द्रकेश दूबे, अंकित राय इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## जाति, संप्रदाय सूचक शब्द लिखे 221 वाहनों का चालान

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** जाति, संप्रदाय व पद सूचक शब्द वाहनों पर लिखकर चलने वालों के221 खिलाफ यातायात विभाग की ओर से 48 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 221 वाहनों का चालान किया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन स्वामियों में खलबली मची रही। वाहनों के नंबर प्लेट पर जाति, संप्रदाय व पद सूचक शब्द लिखकर चलना एक फैशन सा बन गया है। वहीं कई बार सड़क पर जांच से बचने के लिए भी इस तरह से शब्दों का धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। ऐसे वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन की ओर से विशेष निर्देश दिये गये थे। जिले यातायात विभाग की ओर से 48 घंटे का विशेष अभियान चलाया गया था।

बुधवार की सुबह नौ बजे से शुरू हुआ अभियान शुक्रवार की सुबह नौ बजे समाप्त हुआ। इस दौरान यातायात विभाग की ओर से वाहनों की जांच की गई। जिसमें 221 वाहनों पर जाति, संप्रदाय व पद सूचक शब्द लिखे मिले। जिसपर यातायात पुलिस ने सभी वाहनों का चालान किया।

## अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो खिलाड़ी ऋषिता राय का उत्तर प्रदेश पुलिस में हुआ चयन



**गाजीपुर।** सैदपुर क्षेत्र के गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी की अंतर्राष्ट्रीय ताईक्वांडो खिलाड़ी ऋषिता राय का चयन उत्तर प्रदेश पुलिस में हो गया है। ऋषिता राय तहसील के ही पिपनार गाँव निवासी अरविंद राय व रेनू राय की पुत्री हैं और विगत 2017 से ताईक्वांडो कोच अमित कुमार सिंह के संरक्षण में गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी गैबिपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं।

ऋषिता के कोच अमित कुमार सिंह ने बताया कि ऋषिता एक अंतरराष्ट्रीय ताईक्वांडो खिलाड़ी हैं और आरंभ से ही इसका व्यक्तित्व बहुत ही प्रतिभावान व अनुशासित रहा है। श्री सिंह ने बताया कि ऋषिता को अंडर -14 बालिका वर्ग में 2019 के स्कूली खेलों व फेडरेशन के राष्ट्रीय प्रतियोगिता दोनों में ही नेशनल चैंपियन होने का गौरव प्राप्त हो चुका था।




# मेडिकल कॉलेज में पहली बार दूरबीन विधि से होगा ऑपरेशन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

महर्षि विश्वामित्र स्वशासीय मेडिकल कालेज गाजीपुर में शुक्रवार को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने लेप्रोस्कोपी (दूरबीन विधि) से ऑपरेशन का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएम ने बताया कि दूरबीन विधि के ऑपरेशन उपलब्ध होने पर जिले के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में पहली बार दूरबीन विधि से मरीजों का ऑपरेशन किया जाएगा। शुक्रवार को गुड़िया देवी के सफल पथरी का ऑपरेशन किया गया। वह पूर्णतः स्वस्थ है। डा. आनंद कुमार मिश्र ने बताया कि दूरबीन विधि के ऑपरेशन से मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी। सामान्य विधि से आपरेशन करने पर मरीजों को कम से कम आठ दिन तक अस्पताल में रहना होता है, लेकिन दूरबीन विधि से आपरेशन होने पर मरीज 24 घंटे बाद अपने घर जा सकता है। दूरबीन विधि के आपरेशन की प्रक्रिया में ब्लीडिंग भी बहुत कम होती है।



# मुख्यालय निर्माण के लिए जल्द करे पत्राचार जिला प्रशासन: पंकज सिंह


**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन शुक्रवार को जारी रहा। इस दौरान पंकज सिंह ने कहा कि अबकी बार अधिवक्ता अंतिम परिणाम के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आमजन को न्याय दिलाने वाले अधिवक्ता चंदौली को न्याय दिलाकर ही मानेंगे। इस बार कोरे आश्वासन व धमकियों से अधिवक्ता डरने वाले नहीं है। यह बात जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को जल्द से जल्द समझ लेनी चाहिए।



इस अवसर फिरोज खान ने कहा कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति को चंदौली के समस्त अधिवक्ताओं का साथ व समर्थन प्राप्त है और आगे भी यह समर्थन व साथ काम रहेगा। वाराणसी प्रशासन के कार्यों को देखते हुए चंदौली के जिला प्रशासन को जल्द ही न्यायालय निर्माण के लिए शासन से पत्राचार कर जो भी अड़चन हो उसे दूर करने की पहल करनी चाहिए। कहा कि भूमिपूजन होने तक अधिवक्ताओं का आंदोलन अनवरत जारी रहेगा।






### घोसी विधानसभा उपचुनाव : दारा सिंह को विजयी बनाने की अपील की

# घोसी विधानसभा से पिछड़े वर्ग का बेटा जीतेगा : अरूण राजभर

**केटी न्यूज/ मऊ**

सुभासपा महासचिव अरुण राजभर ने मुंगेसर, अलीनगर, बिजूलिया, पारा मुबारकपुर में जनचौपाल कार्यक्रम कर सुभासपा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दारा सिंह चौहान जी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील किया ।राजभर ने कहा कि सपा की गुंडागर्दी अब नहीं चलेगी जनता का विश्वास अब सपा से उठ चुका है ,जनता ने तय कर लिया है कि घोसी से पिछड़े वर्ग बेटा ही जीत कर जाएगा ।अरुण राजभर ने बताया सुभासपा सुप्रीमो ओम प्रकाश राजभर दिल्ली गए थे और प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से मिलेऔर लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी जी से मिले है बड़ी चर्चा हुई है । गृह विभाग ने कहा कि ओम प्रकाश राजभर भर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल



कराने के लिए कह रहे हैं वह सही है। इसकी लड़ाई लंबे समय से लड़ी गई। देश में सबको मालूम हो गया है कि ओम प्रकाश राजभर यूपी में बड़ी ताकत बन गया है। ओम प्रकाश राजभर जो सदन में बोलते हैं वही सड़क पर बोलते हैं। हाईकोर्ट ने आदेश दे दिया है कि भर, राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर दिया जाए। मुख्यमंत्री से सारे सबूत के साथ ओम प्रकाश राजभर मिले है । मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव ने सीएम के सामने पूरी फाइल देखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़ाई सही है। मुख्यमंत्री दिल्ली प्रस्ताव भेजने के लिए तैयार हो गए। मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव को प्रस्ताव भेजने का आदेश दे दिया। 17 जिलों का सर्वे हो चुका है 71 साल बाद यह प्रस्ताव लखनऊ से दिल्ली भेज जायेगा। यह प्रस्ताव दिल्ली से पास कराना है। यह लड़ाई आपके बच्चों के भविष्य की है। इस मुद्दे पर लगातार सीएम से बात हो रही है। उन्होंने कहा कि इ लड़ाई हमार आपन ना ह पूरे समाज का है।

### पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों द्वारा विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च

मऊ। घोसी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र से लगे हुए बाजारों में पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ,प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी एवं पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों द्वारा विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को आश्वासन दिया कि आप निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे प्रशासन पुलिस सदैव आपके साथ है जिसको लेकर पुलिस के लोगों ने फ्लैग मार्च कर लोगों को जागरूक किया ।

# मास्टर कोचेज से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़

**केटी न्यूज/ मऊ**

जनपद में स्वास्थ कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिये मास्टर कोचेज की कार्यशाला का आयोजन सीएमओ ऑफिस के सभागृह में सीएमओ डा. नंदकुमार की अध्यक्षता में पीएसआई-इंडिया के सहयोग से किया गया। इसमें परिवार नियोजन एवं किशोर स्वास्थ कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उनके कार्यों की चर्चा हुई। सीएमओ डॉ. नंदकुमार ने इस कार्यशाला में शहरी स्वास्थ केन्द्र पर हर माह परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक करे साथ ही नियमित अंतराल दिवस, खुशहाल परिवार दिवस, किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन कर परिवार नियोजन कार्यक्रम को और मजबूत बनाया जाए।

सीएमओ डा. नंदकुमार ने निर्देश दिया कि आने वाले समय में सभी प्रोग्राम के मैनेजर के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया जाये, जिससे कि सभी प्रोग्रामों को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक दूसरे का सहयोग लिया जा सके। पीएसआई इण्डिया के केवल सिंह सिसोदिया ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से आने वाले दिनों में शहरी परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर बनाने मे मास्टर



कोचेज द्वारा दिए जाने वाले सहयोगों की विस्तारपूर्वक बताते हुए। सभी प्रगति को एचएमआईएस पोर्टल पर अंकित करने के बारे में जानकारी दिया गया। निजी चिकित्सालयों के नियोजन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन, कार्य एवं प्रगति के बारे मे भी सभी को अवगत कराया। डीईआईसी मैनेजर एवम मास्टर कोच अरविन्द कुमार वर्मा ने बताया कि नगरी क्षेत्र में अगले माह दो स्कूल में किशोर स्वास्थ दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमे उनके स्वास्थ से सम्बन्धित जाँच व उन्हें कार्यक्रम में सरल माध्यम से किशोर स्वास्थ के बारे में अवगत कराया जाएगा।

### बैंक से जुड़कर सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभ: संतोष कुमार

**मऊ।** ग्रामीण क्षेत्र के किसान बैंकों से जुड़कर शासन एवं प्रशासन द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाते हुए अपने जीवन स्तर को ऊंचा करें यही हमारी प्राथमिकता है ।यह कहना है बडौदा यूपी बैंक के रीजनल मैनेजर संतोष कुमार पांडेय के जो श्री भगवान सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीबीपुर के परिसर में बैंक द्वारा आयोजित ग्राहक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए व्यक्त किये । प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड ,कृषि संसाधनों के लिए ऋण आवर्ती जमा योजना, जन धन योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्राहकों से आग्रह किया कि यह बैंक की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं।







